**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

निर्वाचन आयोग ने हरियाणा सहित तीन राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव घोषित कर दिया है। मतदान 20 दिसंबर को होगा।उल्लेखनीय है कि, हरियाणा में राज्यसभा सीट श्री कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के कारण खाली हुई थी, जिसके लिए उपचुनाव होगा।निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी। 10 दिसंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 11 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 13 दिसंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 20 दिसंबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 24 दिसंबर को संपन्न होगी।स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करके चुनाव प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएंगे।

***************************************************************************

कुरुक्षेत्र में आज सुबह ब्रह्मा सरोवर पुरुषोत्तम पुरा बाग से गीता मैराथन के आयोजन के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हो गया। मैराथन को राज्य मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने झंडी दिखा कर रवाना किया। जिसमें सैकड़ो युवक युवतियों ने भाग लिया। श्री बेदी ने मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने राज्य मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस व शिल्प मेले का उद्घाटन आज दोपहर साढ़े तीन बजे हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करेंगे।

***************************************************************************

55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह आज संपन्न हो रहा है। आज इस समारोह के अंतिम दिन फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी सिनेमा में रचनात्मक भविष्य के लिए युवाओं का सशक्तिकरण विषय पर एक सत्र को संबोधित करेंगे। बाद में, श्री सिप्पी मोहित सोनी के साथ उत्कृष्टता के लिए जुनून विषय पर बातचीत करेंगे। समारोह में आज, पहली बार निर्देशन करने वाले भारतीय निर्देशकों में से एक मनोहर के. की फिल्म मिक्का बन्नाडा हक्की दिखाई जा रही है। समापन फिल्म ड्राई सीजन दो सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जा रही है।

***************************************************************************

पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत चरखी दादरी जिले के सभी सरकारी भवनों में हरेडा द्वारा रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने हैं। इसके लिए सभी विभागों को अपने कार्यालय भवन पर यह ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए पीएम सूर्य घर पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा । चरखी दादरी के अतिरिक्त उपायुक्त विश्वजीत चौधरी ने बताया कि इस वर्ष फरवरी में शुरू की गई

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा का सदुपयोग करते हुए बिजली विभाग पर आम जन की निर्भरता को कम करना है। जिससे कि लोगों को सस्ती दरों पर अपने घर में ही बिजली सुलभ हो सके।पीएम सूर्य घर योजना के तहत आम नागरिकों को सब्सिडी तो मिलती ही है, साथ में तीन सौ यूनिट बिजली नि:शुल्क मिलती है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस साल में एक करोड़ घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके लिए 75 हजार करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हर एक जिले में एक गांव को सोलर विलेज बनाया जाएगा। उपयुक्त ने कहा कि चरखी दादरी जिले के लिए गाँव का चयन जल्द किया जाएगा ।

***************************************************************************

देशभर में महिला एवं किन्नरों के अधिकारों पर केंद्रित राष्ट्रीय लिंग अभियान "नई चेतना" के तहत हरियाणा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिंग आधारित हिंसा ख़त्म करने और महिलाओं व लड़कियों के अधिकारों के बारे में जागरूकता लाने के लिए 10 दिसम्बर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शपथ समारोह, वेबिनार, कार्यशालाएं, सेमिनार और संध्या रैलियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।

*************************************************************************

"नई चेतना" अभियान के तहत कल अंबाला छावनी के गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज में लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग, प्राणी शास्त्र और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर ज़ोर दिया।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार द्वरा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हरियाणा के सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वर्षा खांगवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में महाभारत काल से जुड़े अहम लम्हों के साथ-साथ पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की तरफ से सरकारी की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में अलग-अलग स्टाल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में हाईटेक प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा।श्रीमती वर्षा खांगवाल ने कहा कि अधिकारियों को 4 दिसंबर से पहले प्रदर्शनी के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के आदेश दिए गए है।